# राष्ट्रपति मुर्मू का छत्तीसगढ़ दौरा

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत की **राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर केंद्रित दो दिवसीय छत्तीसगढ़ का आधिकारिक दौरा किया।

## प्रमुख बिंदु

- **रायपुर में कार्यक्रम:**
  - राष्ट्रपति मुर्मू ने **एम्स रायपुर के 10वें दीक्षांत समारोह** में भाग लिया, जहाँ उन्होंने छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित किया।
- **सांस्कृतिक सम्मान:**
  - अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा **राज्य की समृद्ध जनजातीय विरासत** को दर्शाने वाले कार्यक्रमों में भाग लिया।
- **स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर ध्यान:**
  - उनकी चर्चाओं में **छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य शिक्षा और बुनियादी ढाँचे** की उन्नति पर ज़ोर दिया गया।

## भारत के राष्ट्रपति

- **भारतीय संविधान, 1950 (Constitution of India- COI)** राष्ट्रपति के चुनाव, शक्तियों और कार्यों के लिये एक विस्तृत रूपरेखा प्रदान करता है, जो आवश्यकता पड़ने पर औपचारिक कर्तव्यों और पर्याप्त शक्तियों के बीच संतुलन सुनिश्चित करता है।
- भारत का राष्ट्रपति राज्य का कार्यकारी प्रमुख और भारतीय सशस्त्र बलों का सर्वोच्च कमांडर होता है।
- देश के सभी कार्यकारी कार्य राष्ट्रपति के नाम पर किये जाते हैं।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 52 में कहा गया है कि राज्य का एक अध्यक्ष होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/president-murmu-s-visit-to-chhattisgarh